माननीय जनपद न्यायाधीश बलरामपुर के प्रशासनिक आदेश संख्या – 259/2023 दिनांक 30.08.2023 से जनपद न्यायालय बलरामपुर में वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्य /लघु निर्माण कार्य/मरम्मत कार्य हेतु स्वीकृत धनराशी के सापेक्ष संबंधित एजेंसी द्वारा किए गए कार्य की समीक्षा कर प्रगति आख्या अविलंब आहूत की गई। तदनुसार दिनांक 01.09.2023 को अपराह्न 01.30 बजे अध्यक्ष, आधारभूत संरचना उपसमिति जनपद न्यायालय बलरामपुर के विश्राम कक्ष में समीक्षा बैठक आहूत की गई तथा सभी कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि को दिनांक 01.09.2023 को आयोजित होने वाली समीक्षा बैठक में भाग लेने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में आधारभूत संरचना उपसमिति के अध्यक्ष के अतिरिक्त श्री ज्ञानेन्द्र कुमार, सिविल जज प्रवर खण्ड/सदस्य, श्री पीयूष मित्तल, न्यायालय प्रबंधक/सदस्य, श्री अनिल कुमार, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग बलरामपुर, श्री योगेश चौहान, सहायक परियोजना प्रबंधक, उ०प्र० प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि० यूनिट – 22 बहराइच, श्री प्रणय कुमार त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता, उ०प्र० सहकारी संघ लि० गोण्डा तथा श्री अमितेश कुमार,सहायक अभियंता, उ०प्र० लोकनिर्माण विभाग विद्युत इकाई अयोध्या उपस्थित रहे।

सुश्री अक्षिता मिश्रा सिविल जज, अवर खण्ड/सदस्य अवकाश पर होने के कारण बैठक में उपस्थित नहीं रही। बैठक में जनपद न्यायालय में चल रहे सभी निर्माण/लघु निर्माण/मरम्मत कार्य की समीक्षा की गई जिसका विवरण निम्न है –

**(1)– न्यायालय आवसीय परिसर में श्रेणी – V के 13 नए आवास का निर्माण कार्य –**

(i) यह निर्माण कार्य कार्यदायी संस्था उ०प्र० प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि० यूनिट – 22 बहराइच के द्वारा कराया जा रहा है। उक्त कार्यदायी संस्था के सहायक परियोजना प्रबंधक श्री योगेश चौहान द्वारा लिखित प्रगति आख्या दिनांकित 31.08.2023 **(छायाप्रति संलग्नक – 1)** प्रस्तुत की गई जिसके अनुसार उक्त निर्माण कार्य में कुल स्वीकृत धनराशी 897.69 लाख रूपये है जिसमें से संपूर्ण धनराशी अवमुक्त की जा चुकी है। कार्य माह अप्रैल 2022 में प्रारम्भ हुआ है। अबतक प्रथम ब्लाक सात आवासों के स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण हो चुका है। आंतरिक विद्युतीकरण, प्लबिंग, प्लास्टर एवं पूट्टी का कार्य प्रगति पर है। द्वितीय ब्लाक के छः आवास के स्ट्रक्चर का कार्य भी पूर्ण हो गया है। तृतीय तल पर ब्रिक वर्क प्रगति पर है! कार्य की वित्तीय प्रगति 55 प्रतिशत है तथा भौतिक प्रगति भी 55 प्रतिशत है।

(ii) न्यायालय प्रबंधक द्वारा बताया गया कि लोक निर्माण विभाग बलरामपुर द्वारा उक्त कार्य के संबंध में भौतिक एवं गुणवत्ता जांच आख्या पत्र संख्या 1291 दिनांकित 17.08.2023 **(छायाप्रति संलग्नक – 2)** प्रेषित की गई जिसके अनुसार निर्माण कार्य लगभग 52 प्रतिशत पूर्ण है तथा गुणवत्ता

01.09.2023

Abhinitam upadhyay
01.09.2023

Self attested
Abhinitam upadhyay

संतोषजनक है। इसके अतिरिक्त कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबंधक द्वारा पत्रांक 701 दिनांकित 28.08.2023 से निर्माण कार्य की तृतीय पक्ष मूल्यांकन रिपोर्ट **(छायाप्रति संलग्नक – 3)** प्रेषित की गई। उक्त तृतीय पक्ष मूल्यांकन रिपोर्ट में क्रमांक 10 पर 17 बिंदुओं पर छोटी–बड़ी कमियां बताई गई है जिसके संबंध में 13 बिंदुओं पर सुझाव भी दिए गए है। तृतीय पक्ष मूल्यांकन रिपोर्ट में निर्माण कार्य की वित्तीय प्रगति 42 प्रतिशत दर्शित की गई है। इस संबंध में कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त मूल्यांकन दिनांक 21.07.2023 को किया गया इसलिए वित्तीय प्रगति प्रतिशत में भिन्नता है।

(iii) उक्त परिस्थितियों के आलोक में यदि माननीय जनपद न्यायाधीश बलरामपुर की अनुमति हो तो कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया जा सकता है कि वे तृतीय पक्ष मूल्यांकन रिपोर्ट **(संलग्नक – 3)** तथा लोक निर्माण विभाग बलरामपुर द्वारा प्रस्तुत भौतिक एवं गुणवत्ता जांच रिपोर्ट **(संलग्नक – 2)** के आलोक में अपनी आख्या/स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें।

**(2)– न्यायालय आवसीय परिसर के चारो तरफ चाहरदिवारी निर्माण कार्य –**

(i) उक्त निर्माण कार्य कार्यदायी संस्था उ०प्र० सहकारी संघ लि० गोण्डा द्वारा किया जा रहा है जिसके प्रतिनिधि के द्वारा आज प्रगति आख्या दिनांकित 31.08.2023 **(छायाप्रति संलग्नक – 4)** प्रस्तुत की गई जिसके अनुसार निर्माण कार्य की स्वीकृत लागत 414.77 लाख रूपये है जिसमें से समस्त धनराशी अवमुक्त की जा चुकी है। उक्त निर्माण कार्य माह दिसंबर 2022 में शुरू हुआ जिसकी वित्तीय प्रगति 55 प्रतिशत है तथा भौतिक प्रगति 60 प्रतिशत है। अबतक कुल 1366 रनिंग मीटर चाहरदिवारी में से 950 रनिंग मीटर कालम फुटिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है। ग्रेड बीम का कार्य भी पूर्ण हो चुका है। 600 रनिंग मीटर स्ट्रक्चर का कार्य भी पूर्ण हो चुका है जबकि ग्रिल एवं प्लास्टर कार्य प्रगति पर है।

(ii) न्यायालय प्रबंधक द्वारा अवगत कराया गया कि इस निर्माण कार्य की भौतिक एवं गुणवत्ता जांच के संबंध में अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, बलरामपुर द्वारा रिपोर्ट पत्र संख्या 1292 दिनांकित 17.08.2023 **(छायाप्रति संलग्नक – 5)** प्रस्तुत की गई जिसके अवलोकन से विदित है कि कार्य स्थल पर निर्माण कार्य बंद है। कार्य लगभग 54 प्रतिशत तक पूर्ण है। कराए गए कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक है। लगाए गए ग्रिल पर अविलंब प्राइमर कोट लगाए जाने की अनुशंसा की गई है।

(iii) बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि द्वारा कथन किया गया कि पूर्व में प्राप्त धनराशी खर्च हो चुकी थी। अवशेष धनराशी कार्यदायी संस्था को माह जुलाई 2023 में ही प्राप्त हुई। साथ ही माह जुलाई एवं अगस्त 2023 में बरसात के कारण भी कार्य बाधित रहा। अतिशीघ्र कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

(iv) उक्त परिस्थितियों के आलोक में यदि माननीय जनपद न्यायाधीश बलरामपुर की अनुमति हो

01.09.2023

Abhinitam Upadhyay
01.09.2023

Self attested
Abhinitam Upadhyay

तो कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया जा सकता है कि वे आगणन के अनुसार यथाशीघ्र कार्य पूर्ण कराए तथा निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग बलरामपुर को भी निर्देशित किया जा सकता है कि चल रहे निर्माण कार्य की भौतिक एवं गुणवत्ता जांच इस संबंध में स्वीकृत आगणन के आलोक में कर अपनी आख्या प्रेषित करें।

**(3)– नवीन न्यायालय परिसर स्थित न्यायालय कक्ष एवं विश्राम कक्ष में एयर कंडिशनर स्थापित करने का कार्य –**

(i) यह कार्य कार्यदायी संस्था उ०प्र० लोकनिर्माण विभाग (विद्युत इकाई), अयोध्या द्वारा की जा रही है। कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि न्यायालय विश्राम कक्ष में कुल 10 एयर कंडिशनर 1.5 टन टाटा वोल्टास तथा न्यायालय कक्ष में कुल 36 एयर कंडिशनर 2.0 टन टाटा वोल्टास लगाया जाना है। उक्त सभी 46 एयर कंडिशनर न्यायालय परिसर में आ गए है और केन्द्रीय नाजिर जनपद न्यायालय बलरामपुर को प्राप्त कराए जा चुके है। एयर कंडिशनर न्यायालय कक्ष/विश्राम कक्ष में स्थापित करने का कार्य चल रहा है।

(ii) इस संबंध में श्री ओम प्रकाश, केन्द्रीय नाजिर, जनपद न्यायालय, बलरामपुर द्वारा प्रस्तुत आख्या दिनांकित 31.08.2023 **(छायाप्रति संलग्नक – 6)** से सूचित किया गया है कि केन्द्रीय नाजिर द्वारा दिनांक 18.08.2023 को 36 एयर कंडिशनर 2.0 टन टाटा वोल्टास तथा 10 एयर कंडिशनर 1.5 टन टाटा वोल्टास कार्यदायी संस्था से प्राप्त किया गया था जिसमें से 1.5 टन टाटा वोल्टास के 9 एयर कंडिशनर विश्राम कक्षों में तथा 2.0 टन के 33 एयर कंडिशनर न्यायालय कक्ष में लगाए जा चुके है। शेष एयर कंडिशनर लगाने का कार्य चल रहा है। इसके अतिरिक्त अभी पाइप वायरिंग व बिजली वायरिंग का काम भी चल रहा है।

(iii) कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि उक्त कार्य को यथाशीघ्र प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए आगणन के अनुरूप पूर्ण किया जाए।

**(4)– पुराने न्यायालय परिसर तहसील कंपाउंड बलरामपुर में स्थित श्रेणी – IV के 4 आवास तथा श्रेणी – II के 12 आवास का मरम्मत कार्य –**

(i) यह कार्य निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग बलरामपुर द्वारा किया जा रहा है। कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि रक्षाबंधन के त्यौहार तथा अल्प समय की सूचना होने के कारण उनके द्वारा प्रगति आख्या तैयार नहीं कराई जा सकी है। कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि द्वारा आशवस्त किया गया कि जल्द ही उनके द्वारा प्रगति आख्या प्रस्तुत कर दी जाएगी।

(ii) न्यायालय प्रबंधक द्वारा सूचित किया गया कि कार्यदायी संस्था को पूर्व में पत्रांक 746 दिनांकित 26.06.2023 **(छायाप्रति संलग्नक – 7)** से विनिर्दिष्ट बिंदुओं पर सूचना आहूत की गई थी जिसके प्रति उत्तर में श्री अनिल कुमार, अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग,

01.09.2023

Abhinandan Upadhyay 01.09.2023

Self attested
Abhinandan Upadhyay

बलरामपुर द्वारा पत्र दिनांकित 06.07.2023 से सूचना प्रेषित की गई थी परन्तु वह सूचना अपूर्ण थी। इस बात की जानकारी कार्यदायी संस्था को मौखिक रूप से दी गई थी। इस संबंध में कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि द्वारा कथन किया गया कि वे अपनी प्रगति आख्या में सभी वांछित सूचना यथाशीघ्र उपलब्ध कराएंगे।

(iii) न्यायालय प्रबंधक द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि जिन सरकारी आवासों (श्रेणी – IV के 4 आवास तथा श्रेणी – II के 12 आवास) में मरम्मत का कार्य होना था उनमें कार्य के बाबत संबंधित आवासों में अध्यासित अधिकारी / कर्मचारीगण से आवास में किए गए मरम्मत कार्य के बाबत लिखित सूचना मंगाई गई थी, जो प्राप्त हो चुकी है। प्राप्त सूचना के अनुसार मरम्मत कार्य अभी भी अपूर्ण है तथा कराए गए कार्य में भी काफी त्रूटियाँ है।

(iv) उक्त परिस्थितियों में यदि माननीय जनपद न्यायाधीश बलरामपुर की अनुमति हो तो संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा प्रदत्त लिखित सूचना की प्रति कार्यदायी संस्था को प्रेषित कर इस संबंध में सत्यापन के साथ आख्या प्रेषित करने हेतु कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया जा सकता है।

माननीय जनपद न्यायाधीश बलरामपुर द्वारा पारित प्रशासनिक आदेश संख्या – 259/2023 दिनांक 30.08.2023 के अनुपालन में प्रगति आख्या इस कार्यवृत्त के रूप में माननीय जनपद न्यायाधीश बलरामपुर को सादर प्रेषित की जाए।

| | | |
|---|---|---|
| [signature] | [signature] 01.09.2023 | Abhinitam upadhyay 1.09.2023 |
| (पीयुष मित्तल) | (ज्ञानेन्द्र कुमार) | (अभिनितम उपाध्याय) |
| न्यायालय प्रबंधक/सदस्य | सिविल जज (प्रवर खण्ड) / सदस्य | अपर जनपद न्यायाधीश/ |
| आधारभूत संरचना उपसमिति | आधारभूत संरचना उपसमिति | अध्यक्ष आधारभूत संरचना उपसमिति |
| जनपद न्यायालय, बलरामपुर। | जनपद न्यायालय, बलरामपुर। | जनपद न्यायालय, बलरामपुर। |

Order

Seen. Chairman Infra sub-Committee District Court is directed to take necessary steps in respect of Point No 1, 2 & 3 at ~~your~~ his end.

[signature]
D.J.
5/9/2023

Self attested
Abhinitam upadhyay

ANNEXURE-5

## आधारभूत संरचना उपसमिति जनपद न्यायालय बलरामपुर की दिनांक 29.09.2023 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 01.09.2023 को हुई आधारभूत संरचना उपसमिति जनपद न्यायालय बलरामपुर की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त माननीय जनपद न्यायाधीश बलरामपुर को प्रेषित किया गया जिस पर माननीय जनपद न्यायाधीश बलरामपुर द्वारा पारित पृष्ठांकन आदेश दिनांकित 05.09.2023 से बिंदु संख्या 1, 2 एवं 3 के संबंध में आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। कार्यवृत्त का बिंदु संख्या 2 न्यायालय आवसीय परिसर के चारो तरफ चहारदिवारी निर्माण कार्य से संबंधित है। इस संबंध में अध्यक्ष आधारभूत संरचना उपसमिति, जनपद न्यायालय बलरामपुर द्वारा पत्रांक 1002 दिनांकित 13.09.2023 अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, बलरामपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। उक्त पत्र के ही अनुक्रम में ही माननीय जनपद न्यायाधीश बलरामपुर द्वारा न्यायालय प्रबंधक श्री पियुष मित्तल को निर्देशित किया गया कि चहारदिवारी निर्माण कार्य के स्वीकृत आगणन के आलोक में अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, बलरामपुर से निम्न बिंदुओं पर आख्या मंगाई जाए – **1.** स्वीकृत आगणन में निर्माण कार्य के स्थालाकृतिक सर्वेक्षण (Topographical Survey) मानचित्र भी उपलब्ध है जिसके अनुसार क्या संपूर्ण चहारदिवारी का प्लिंथ लेवल बलरामपुर – गोण्डा मुख्य मार्ग के बराबर का है तथा क्या बलरामपुर – गोण्डा मुख्य मार्ग की ऊचांई तक प्लिंथ लेवल मानकर चहारदिवारी के अंदर के संपूर्ण खाली क्षेत्र में प्लिंथ लेवल तक मिट्टी भराई का कार्य भी कार्यदायी संस्था द्वारा इसी स्वीकृत धनराशी में किया जाना शामिल है। **2.** क्या बलरामपुर–गोण्डा मुख्य मार्ग की ऊचांई तक प्लिंथ लेवल मानकर उसके ऊपर चहारदिवारी की ऊचांई 2400mm की दिवाल + 1200mm का ग्रिल + 750mm का भाला बनाया जाना है। तदनुसार न्यायालय प्रबंधक, जनपद न्यायालय बलरामपुर द्वारा पत्रांक 1039 दिनांकित 20.09.2023 **(संलग्नक – 1)** प्रेषित कर अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, बलरामपुर से उक्त दो बिंदुओं पर आख्या आहूत की गई।

उक्त पत्र के प्रतिउत्तर में अधिशासी अभियंता द्वारा न्यायालय प्रबंधक , जनपद न्यायालय बलरामपुर को संबोधित पत्र संख्या 1531/1सी दिनांकित 27.09.2023 **(संलग्नक – 2)** प्रेषित किया गया, जिसमें उपरोक्त दो बिंदुओं के बाबत बिंदुवार आख्या की गई। **बिंदु संख्या 1** के संबंध में अधिशासी अभियंता द्वारा यह आख्या दी गई कि न्यायालय आवसीय परिसर के चारो तरफ चहारदिवारी निर्माण कार्य के स्वीकृत आगणन में चहारदिवारी के क्रास सेक्शन एवं विस्तृत माप के अनुसार संपूर्ण चहारदिवारी का प्लिंथ लेवल भूमितल से 450 एम०एम० उचांई पर अपनाया गया है। संपूर्ण चहारदिवारी का प्लिंथ लेवल बलरामपुर गोण्डा मुख्य मार्ग के बराबर का कोई उल्लेख नहीं है। चहारदिवारी के अंदर संपूर्ण खाली क्षेत्र में प्लिंथ लेवल तक मिट्टी भराई का कार्य कार्यदायी संस्था द्वारा इसी स्वीकृत धनराशी में किया जाना शामिल नहीं है। संलग्न टोपोग्राफिकल सर्वे शीट के अनुसार गोण्डा बलरामपुर मुख्य मार्ग के लेविल से भूमि का लेविल औसत लगभग 80 से०मी० नीचा है। **बिंदु संख्या 2** के संबंध में अधिशासी अभियंता द्वारा यह आख्या दी गई कि भूमितल से 450 एम०एम० उचांई तक प्लिंथ लेवल मानकर उसके ऊपर चहारदिवारी 2400 एम०एम० की दीवाल + 1200 एम०एम० का ग्रिल + 750 एम०एम० का भाला बनाया जाना स्वीकृत आगणन में सम्मिलित है।

Abhimitanu upadhyay

Self attested
Abhimitanu upadhyay

माननीय जनपद न्यायाधीश बलरामपुर द्वारा न्यायालय प्रबंधक को दिए गए दिशा–निर्देश के अनुक्रम में अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, बलरामपुर द्वारा प्रेषित आख्या दिनांकित 27.09.2023 **(संलग्नक – 2)** का अवलोकन करते हुए उपसमिति द्वारा चहारदिवारी निर्माण कार्य के स्वीकृत आगणन पर विचार किया गया। इस हेतु आज दिनांक 29.09.2023 को उपसमिति की बैठक अध्यक्ष आधारभूत संरचना उपसमिति, जनपद न्यायालय बलरामपुर के विश्राम कक्ष में दोपहर 1.30 बजे संपन्न हुई जिसमें अध्यक्ष के अतिरिक्त श्री ज्ञानेन्द्र कुमार, सिविल जज प्रवर खण्ड/सदस्य, सुश्री अक्षिता मिश्रा, सिविल जज, अवर खण्ड/सदस्य तथा श्री पीयूष मित्तल, न्यायालय प्रबंधक/सदस्य उपस्थित रहे।

उपसमिति की सर्वसम्मत राय है कि स्वीकृत आगणन में निर्माण कार्य के स्थालाकृतिक सर्वेक्षण (Topographical Survey) मानचित्र भी उपलब्ध है जिसके अनुसार ऐसा प्रतीत होता है कि स्वीकृत आगणन में संपूर्ण चहारदिवारी का प्लिंथ लेवल बलरामपुर–गोण्डा मुख्य मार्ग के बराबर का है तथा बलरामपुर–गोण्डा मुख्य मार्ग की उंचाई तक ही प्लिंथ लेवल मानकर चहारदिवारी के अंदर के संपूर्ण खाली क्षेत्र में प्लिंथ लेवल तक मिट्टी भराई का कार्य भी कार्यदायी संस्था द्वारा इसी स्वीकृत धनराशी में किया जाना शामिल है। यह भी प्रतीत हो रहा है कि बलरामपुर–गोण्डा मुख्य मार्ग की उंचाई तक प्लिंथ लेवल मानकर उसके ऊपर चहारदिवारी की ऊंचाई 2400mm की दिवाल + 1200mm का ग्रिल + 750mm का भाला बनाया जाना है।

अतः इस संबंध में अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, बलरामपुर द्वारा प्रेषित आख्या दिनांकित 27.09.2023 **(संलग्नक – 2)** में दी गई सूचना स्वीकृत आगणन के साथ संलग्न स्थालाकृतिक सर्वेक्षण (Topographical Survey) मानचित्र के आधार पर सही प्रतीत नहीं हो रही है।

आख्या इस कार्यवृत्त के रूप में माननीय जनपद न्यायाधीश बलरामपुर को सादर प्रेषित है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 29/9/2023 | 29.09.2023 | 29.09.2023 |
| (पीयुष मित्तल) | (सुश्री अक्षिता मिश्रा) | (ज्ञानेन्द्र कुमार) | (अभिनितम उपाध्याय) |
| न्यायालय प्रबंधक/सदस्य, आधारभूत संरचना उपसमिति, जनपद न्यायालय, बलरामपुर। | सिविल जज (अवर खण्ड)/ सदस्य, आधारभूत संरचना उपसमिति, जनपद न्यायालय, बलरामपुर। | सिविल जज (प्रवर खण्ड)/ सदस्य, आधारभूत संरचना उपसमिति, जनपद न्यायालय, बलरामपुर। | अपर जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, आधारभूत संरचना उपसमिति, जनपद न्यायालय, बलरामपुर। |

Recd.
29.9.2023
AO

Self attested
Abhinitam upadhyay

संलग्नक-1

प्रेषक,

पियुष मित्तल,
न्यायालय प्रबंधक, जनपद न्यायालय,
बलरामपुर।

सेवा में,

अधिशासी अभियंता,
निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग,
बलरामपुर।

पत्रांक –. 1039

दिनांकित – 20.09.2023

विषय – न्यायालय आवसीय परिसर के चारो तरफ चहारदिवारी निर्माण कार्य के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त के संदर्भ में दिनांक 01.09.2023 को जनपद न्यायालय बलरामपुर आधारभूत संरचना उपसमिति की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त माननीय जनपद न्यायाधीश बलरामपुर को प्रेषित किया गया जिस पर माननीय जनपद न्यायाधीश बलरामपुर द्वारा पृष्ठांकन आदेश दिनांकित 05.09.2023 से बिंदु संख्या – 1, 2 एवं 3 के संबंध में आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। कार्यवृत्त बिंदु संख्या – 2 न्यायालय आवसीय परिसर के चारो तरफ चहारदिवारी निर्माण कार्य से संबंधित है। इस संबंध में अध्यक्ष, आधारभूत संरचना उपसमिति/अपर जनपद न्यायाधीश, बलरामपुर द्वारा पत्रांक – 1002 दिनांकित 13.09.2023 आपको आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। उक्त पत्र के ही अनुक्रम में माननीय जनपद न्यायाधीश बलरामपुर द्वारा मुझे निर्देशित किया गया है कि चहारदिवारी निर्माण कार्य के स्वीकृत आगणन **(छायाप्रति संलग्नक – 1)** के आलोक में आपसे निम्न बिंदुओं पर आख्या मंगाई जाए :-

1. स्वीकृत आगणन **(संलग्नक – 1)** में निर्माण कार्य के स्थालाकृतिक सर्वेक्षण (Topographical Survey) मानचित्र भी उपलब्ध है जिसके अनुसार क्या संपूर्ण चहारदिवारी का प्लिंथ लेवल बलरामपुर – गोण्डा मुख्य मार्ग के बराबर का है तथा क्या बलरामपुर – गोण्डा मुख्य मार्ग की ऊचांई तक प्लिंथ लेवल मानकर चहारदिवारी के अंदर के संपूर्ण खाली क्षेत्र में प्लिंथ लेवल तक मिट्टी भराई का कार्य भी कार्यदायी संस्था द्वारा इसी स्वीकृत धनराशी में किया जाना शामिल है।
2. क्या बलरामपुर–गोण्डा मुख्य मार्ग की ऊचांई तक प्लिंथ लेवल मानकर उसके ऊपर चहारदिवारी की ऊचांई 2400mm की दिवाल + 1200mm का ग्रिल + 750mm का भाला बनाया जाना है।

उक्त सूचना पत्र प्राप्ति के तीन दिवस के अंदर प्रेषित करने का कष्ट करें।

Self attested
Abhinandan upadhyay

भवदीय,
20/9/2023
(पियुष मित्तल)
न्यायालय प्रबंधक, जनपद न्यायालय,
बलरामपुर।

संलग्न – यथोक्त

Email id-cdpwdbalrampur@gmail.com

संलग्नक-2

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग , बलरामपुर

पत्र संख्याः -1531/1 ली

दिनांकः 27/09/23

सेवा में,

**न्यायालय प्रबन्धक,**
**म0 जनपद न्यायालय,**
**बलरामपुर।**

विषयः- न्यायालय आवासीय परिसर के चारो तरफ चहारदीवारी निर्माण कार्य के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः- आपका पत्रांक 1039 दिनांक 20.09.2023

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के अनुपालन में चहारदीवारी निर्माण कार्य के स्वीकृत आगणन के आलोक में वांछित आख्या बिन्दुवार निम्नवत् है:-

1. आगणन में संलग्न चहारदीवारी के क्रास सेक्सन एवं विस्तृत माप के अनुसार सम्पूर्ण चहारदीवारी का प्लिन्थ लेवल भूमितल से 450 एम0एम0 उंचाई पर अपनाया गया है। सम्पूर्ण चहारदीवारी का प्लिन्थ लेवल बलरामपुर गोण्डा मुख्य मार्ग के बराबर का कोई उल्लेख नही है। चहारदीवारी के अन्दर सम्पूर्ण खाली क्षेत्र में प्लिन्थ लेवल तक मिट्टी भराई का कार्य कार्यदायी संस्था द्वारा इसी स्वीकृत धनराशि में किया जाना सामिल नही है। सलंग्न टोपोग्राफिकल सर्वे शीट के अनुसार गोण्डा बलरामपुर मुख्य मार्ग के लेविल से भूमि का लेविल औसत लगभग 80सेमी0 नीचा है।
2. भूमितल से 450एम0एम0 ऊंचाई तक प्लिन्थ लेवल मानकर उसके ऊपर चहारदीवारी 2400 एम0एम0 की दीवाल + 1200एम0एम0 का ग्रिल + 750एम0एम0 का भाला बनाया जाना स्वीकृत आगणन में सम्मिलित है।

**अधिशासी अभियन्ता,**
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,
बलरामपुर।

Self attested
Abhimanyu upadhyay

All office work/2019

1458

ANNEXURE-6

R
17/11/2023
10.09 Am

## आधारभूत संरचना उपसमिति जनपद न्यायालय बलरामपुर की दिनांक 07.11.2023 को आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 07.11.2023 को अपराह्न 01.30 बजे अध्यक्ष, आधारभूत संरचना उपसमिति जनपद न्यायालय बलरामपुर के विश्राम कक्ष में जनपद न्यायालय बलरामपुर से संबंधित चल रहे आधारभूत निर्माण/मरम्मत कार्य की समीक्षा बैठक आहूत की गई तथा सभी कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि को दिनांक 07.11.2023 को आयोजित होने वाली समीक्षा बैठक में भाग लेने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में आधारभूत संरचना उपसमिति के अध्यक्ष के अतिरिक्त श्री ज्ञानेन्द्र कुमार, सिविल जज प्रवर खण्ड/सदस्य, सुश्री अक्षिता मिश्रा सिविल जज, अवर खण्ड/सदस्य, श्री पीयूष मित्तल, न्यायालय प्रबंधक/सदस्य, श्री कुमार शैलेन्द्र, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग बलरामपुर, श्री योगेश चौहान, सहायक परियोजना प्रबंधक, उ०प्र० प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि० यूनिट – 22 बहराइच, श्री विजय सिंह, सहायक अभियंता, उ०प्र० सहकारी संघ लि० गोण्डा तथा श्री आर.जे.आर. सोनकर, सहायक अभियंता, उ०प्र० लोकनिर्माण विभाग विद्युत इकाई अयोध्या उपस्थित रहे।

बैठक में जनपद न्यायालय में चल रहे सभी निर्माण/लघु निर्माण/मरम्मत कार्य की समीक्षा की गई जिसका विवरण निम्न है –

**(1)– न्यायालय आवसीय परिसर में श्रेणी – V के 13 नए आवास का निर्माण कार्य –**

(i) यह निर्माण कार्य कार्यदायी संस्था उ०प्र० प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि० यूनिट – 22 बहराइच के द्वारा कराया जा रहा है। उक्त कार्यदायी संस्था के सहायक परियोजना प्रबंधक श्री योगेश चौहान द्वारा लिखित प्रगति आख्या दिनांकित 07.11.2023 **(छायाप्रति संलग्नक – 1)** प्रस्तुत की गई जिसके अनुसार उक्त निर्माण कार्य में कुल स्वीकृत धनराशी 897.69 लाख रूपये है जिसमें से संपूर्ण धनराशी अवमुक्त की जा चुकी है। कार्य माह अप्रैल 2022 में प्रारम्भ हुआ है। अबतक प्रथम ब्लाक सात आवासों के स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण हो चुका है। फिनिशिंग का कार्य प्रगति पर है। द्वितीय ब्लाक के छः आवास के स्ट्रक्चर का कार्य भी पूर्ण हो गया है। प्लास्टर का कार्य प्रगति पर है। कार्य की वित्तीय प्रगति 66 प्रतिशत है तथा भौतिक प्रगति भी 66 प्रतिशत है। कार्य पूर्ण होने की संभावित तिथि माह अप्रैल 2024 है।

(ii) न्यायालय प्रबंधक द्वारा बताया गया कि लोक निर्माण विभाग बलरामपुर द्वारा उक्त कार्य के संबंध में भौतिक एवं गुणवत्ता जांच आख्या पत्र संख्या 1689/1C दिनांकित 20.10.2023 **(छायाप्रति संलग्नक – 2)** प्रेषित की गई थी जिसके अनुसार निर्माण कार्य लगभग 60 प्रतिशत पूर्ण है तथा गुणवत्ता संतोषजनक है। उक्त आख्या में बिंदु 5, 8 एवं 10 में दिए गए सुझाव का अनुपालन किया जाना है। इसके अतिरिक्त कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबंधक द्वारा पत्रांक 701 दिनांकित 28.08.2023 से निर्माण कार्य की तृतीय पक्ष मूल्यांकन रिपोर्ट **(छायाप्रति संलग्नक – 3)** प्रेषित की गई थी। उक्त तृतीय पक्ष मूल्यांकन रिपोर्ट में क्रमांक 10 पर 17 बिंदुओं पर छोटी–बड़ी कमियां बताई गई है जिसके संबंध में 13 बिंदुओं पर सुझाव भी दिए गए थे। उपसमिति द्वारा पूर्व में की गई समीक्षा बैठक दिनांकित 01.09.2023 के कार्यवृत्त में कार्यदायी संस्था को निर्देशित किए जाने की संस्तुति की गई थी कि तृतीय पक्ष मूल्यांकन रिपोर्ट तथा लोक निर्माण विभाग बलरामपुर द्वारा प्रस्तुत भौतिक एवं गुणवत्ता जांच रिपोर्ट दिनांकित 17.08.2023 के आलोक में अपनी आख्या/स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। उक्त संस्तुति को माननीय जनपद न्यायाधीश बलरामपुर द्वारा आदेश दिनांक 04.09.2023 से स्वीकृत किया गया

Self attested
Abhinitam upadhyay
07.11.2023

Abhinitam upadhyay
07.11.2023

जिसकी सूचना तदनुसार कार्यदायी संस्था को प्रेषित की गई। परंतु दो महीने से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी अब तक कार्यदायी संस्था द्वारा इस संबंध अपनी आख्या/स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। यह स्थिति अत्यंत आपत्तिजनक है तथा प्रथम दृष्टया दर्शित करती है कि कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि द्वारा लापरवाही की जा रही है। अतः यदि माननीय जनपद न्यायाधीश बलरामपुर की अनुमति हो तो कार्यदायी संस्था को पुनः निर्देशित किया जा सकता है कि पूर्व समीक्षा बैठक के कार्यवृत्त दिनांकित 01.09.2023 में की गई संस्तुत्ति के आलोक में वांछित आख्या अविलंब प्रस्तुत करें तथा लोकनिर्माण विभाग की भौतिक एवं गुणवत्ता जांच आख्या दिनांकित 20.10.2023 के बिंदु 5, 8 एवं 10 का अनुपालन सुनिश्चित करें।

(iii) कार्यदायी संस्था द्वारा पत्र संख्या 990 दिनांकित 03.11.2023 प्रेषित करते हुए कथन किया गया कि गैराज/सर्वेंट क्वार्टर के निर्माण हेतु ड्राइंग अनुमोदन तथा फ्लोरिंग हेतु लगाई जाने वाली टाइल के ब्रांड एवं कलर का निर्धारण अभी तक नहीं हो पाया है जिस कारण निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण करने में कठिनाई होगी। इस संबंध में बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि गैराज/सर्वेंट क्वार्टर के निर्माण हेतु ड्राइंग का अनुमोदन आगणन के साथ ही पूर्व में हो चुका है। वर्तमान समय में कार्यदायी संस्था के समक्ष केवल गैराज/सर्वेंट क्वार्टर बनाने का स्थल चिन्हित किए जाने में समस्या है। स्वीकृत आगणन के अनुसार मौके पर सात टाइप V आवास का एक भवन तथा छः टाइप V आवास का दूसरा भवन बन रहा है। दोनों भवनों के बीच इतना स्थान उपलब्ध है कि उसमें गैराज/सर्वेंट क्वार्टर का निर्माण किया जा सके। बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि द्वारा प्रस्तावित किया गया कि सात टाइप V भवन तथा छः टाइप V भवन के मध्य वर्तमान में उपलब्ध रिक्त स्थान में नियमानुसार गैराज/सर्वेंट क्वार्टर का निर्माण किया जा सकता है क्योंकि यह स्थान सर्वथा उपयुक्त है। उपसमिति कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए उक्त प्रस्ताव से सहमत है। अतः यदि माननीय जनपद न्यायाधीश बलरामपुर की अनुमति हो तो निर्माणाधीन दोनों भवनों के बीच उपलब्ध खाली स्थान में नियमानुसार गैराज/सर्वेंट क्वार्टर का निर्माण कराए जाने हेतु कार्यदायी संस्था को अनुमति दी जा सकती है।

(iv) कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि से फ्लोरिंग हेतु लगाए जाने वाली टाइल्स के ब्रांड एव कलर के संबंध में भी वार्ता की गई। इस संबंध में उपसमिति के सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से विचार व्यक्त किया गया कि आगणन में स्वीकृत किसी अच्छे ब्रांड की टाइल्स फ्लोरिंग हेतु लगाई जा सकती है जो ब्राइट कलर की हो। कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि द्वारा भी इसका समर्थन किया गया। अतः यदि माननीय जनपद न्यायाधीश बलरामपुर की अनुमति हो तो फ्लोरिंग टाइल्स हेतु आगणन में स्वीकृत किसी अच्छे ब्रांड की टाइल्स जो ब्राइट कलर की हो लगाने हेतु कार्यदायी संस्था को अनुमति दी जा सकती है।

(v) उक्त समग्र परिस्थितियों के आलोक में यदि माननीय जनपद न्यायाधीश बलरामपुर की अनुमति हो तो कार्यदायी संस्था को यह भी निर्देशित किया जा सकता है कि वे तृतीय पक्ष मूल्यांकन रिपोर्ट **(संलग्नक – 3)** तथा लोक निर्माण विभाग बलरामपुर द्वारा प्रस्तुत भौतिक एवं गुणवत्ता जांच रिपोर्ट दिनांकित 17.08.2023 के आलोक में अपनी आख्या/स्पष्टीकरण अविलंब प्रस्तुत करें।

Self attested
Abhinandan Upadhyay

07.11.2023

Abhinandan Upadhyay
07.11.2023

**(2)– न्यायालय आवसीय परिसर के चारो तरफ चाहरदिवारी निर्माण कार्य –**

(i) उक्त निर्माण कार्य कार्यदायी संस्था उ०प्र० सहकारी संघ लि० गोण्डा द्वारा किया जा रहा है जिसके प्रतिनिधि के द्वारा आज प्रगति आख्या दिनांकित 07.11.2023 **(छायाप्रति संलग्नक – 4)** प्रस्तुत की गई जिसके अनुसार निर्माण कार्य की स्वीकृत लागत 414.77 लाख रूपये है जिसमें से समस्त धनराशी अवमुक्त की जा चुकी है। उक्त निर्माण कार्य माह दिसंबर 2022 में शुरू हुआ जिसकी वित्तीय प्रगति 70 प्रतिशत है तथा भौतिक प्रगति 70 प्रतिशत है। अब तक कुल 1366 रनिंग मीटर चाहरदिवारी में से 1000 रनिंग मीटर कालम फुटिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है। ग्रेड बीम का कार्य भी पूर्ण हो चुका है। 850 रनिंग मीटर स्ट्रक्चर का कार्य भी पूर्ण हो चुका है। जबकि प्लास्टर कार्य प्रगति पर है।

(ii) न्यायालय प्रबंधक द्वारा अवगत कराया गया कि इस निर्माण कार्य की भौतिक एवं गुणवत्ता जांच के संबंध में अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, बलरामपुर द्वारा रिपोर्ट पत्र संख्या 1690/1C दिनांकित 20.10.2023 **(छायाप्रति संलग्नक – 5)** प्रस्तुत की गई जिसके अवलोकन से विदित है कि कार्य लगभग 56 प्रतिशत तक पूर्ण है। 100 मीटर लंबाई में प्लिंथ बीम का कार्य पूर्ण है। ईट चिनाई का कार्य प्रगति में है। ग्रिल का कार्य लगभग 307 मीटर पूर्ण है, शेष प्रगति में है। फिक्स किए गए ग्रिल पर अभी तक प्राइमर कोट नहीं लगा है जिसको अविलंब लगाए जाने की संस्तुति की गई। उपसमिति की पूर्व समीक्षा बैठक दिनांकित 01.09.2023 के कार्यवृत्त में भी लोक निर्माण विभाग की आख्या के अनुसार कार्यदायी संस्था को ग्रिल पर प्राइमर कोट लगाए जाने हेतु संस्तुत किया गया था। अतः यदि माननीय जनपद न्यायाधीश बलरामपुर की अनुमति हो तो कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया जा सकता है कि वे स्वीकृत आगणन के अनुसार यथाशीघ्र कार्य पूर्ण कराए तथा लगाए गए ग्रिल में अविलंब प्राइमर कोट लगाया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग बलरामपुर को भी निर्देशित किया जा सकता है कि चल रहे निर्माण कार्य की भौतिक एवं गुणवत्ता जांच इस संबंध में स्वीकृत आगणन के आलोक में करते हुए अपनी आख्या प्रेषित करें।

(iii) बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि द्वारा कथन किया गया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा भौतिक एवं गुणवत्ता जांच आख्या दिनांक 20.10.2023 को प्रस्तुत की गई जबकि कार्यदायी संस्था द्वारा प्रगति आख्या आज दिनांक 07.11.2023 को प्रस्तुत की गई है। इसलिए भौतिक प्रगति आख्या के प्रतिशत में थोड़ा अंतर है।

**(3)– नवीन न्यायालय परिसर स्थित न्यायालय कक्ष एवं विश्राम कक्ष में एयर कंडिशनर स्थापित करने का कार्य –**

(i) यह कार्य कार्यदायी संस्था उ०प्र० लोकनिर्माण विभाग (विद्युत इकाई), अयोध्या द्वारा की जा रही है। कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि न्यायालय विश्राम कक्ष में कुल 10 एयर कंडिशनर 1.5 टन टाटा वोल्टास तथा न्यायालय कक्ष में कुल 36 एयर कंडिशनर 2.0 टन टाटा वोल्टास लगाया जाना है। उक्त सभी 46 एयर कंडिशनर न्यायालय परिसर में आ गए है और केन्द्रीय नाजिर जनपद न्यायालय बलरामपुर को प्राप्त कराए जा चुके है। एयर कंडिशनर न्यायालय कक्ष/विश्राम कक्ष में स्थापित करने का कार्य चल रहा है।

(ii) इस संबंध में पूर्व में श्री ओम प्रकाश, केन्द्रीय नाजिर, जनपद न्यायालय, बलरामपुर द्वारा प्रस्तुत आख्या दिनांकित 31.08.2023 से सूचित किया गया था कि केन्द्रीय नाजिर द्वारा दिनांक

Self attested
Abhinandan upadhyay

07.11.2023

Abhinandan upadhyay
07.11.2023

18.08.2023 को 36 एयर कंडिशनर 2.0 टन टाटा वोल्टास तथा 10 एयर कंडिशनर 1.5 टन टाटा वोल्टास कार्यदायी संस्था से प्राप्त किया गया था जिसमें से सभी एयर कंडिशनर न्यायालय कक्ष एवं विश्राम कक्ष में लगाए जा चुके है। इसके अतिरिक्त अभी पाइप वायरिंग व बिजली वायरिंग का काम भी चल रहा है।

(iii) कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि द्वारा उपलब्ध कराई गई आख्या दिनांकित 06.11.2023 **(छायाप्रति संलग्नक – 6)** के अवलोकन से विदित है कि कार्य की भौतिक प्रगति 90 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुकी है। पैनल उर्जाकृत करने का कार्य प्रगति पर है। दिनांक 25.11.2023 तक कार्य पूर्ण कर दिया जाएगा। अतः यदि माननीय जनपद न्यायाधीश बलरामपुर की अनुमति हो तो कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया जा सकता है कि उक्त कार्य को प्राथमिकता के आधार पर आगणन के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए दी गई अवधि में पूर्ण किया जाए।

### (4)– पुराने न्यायालय परिसर तहसील कंपाउंड बलरामपुर में स्थित श्रेणी – IV के 4 आवास तथा श्रेणी – II के 12 आवास का मरम्मत कार्य –

(i) यह कार्य निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग बलरामपुर द्वारा किया जा रहा है। न्यायालय प्रबंधक द्वारा सूचित किया गया कि कार्यदायी संस्था को पूर्व में पत्रांक 746 दिनांकित 26.06.2023 **(छायाप्रति संलग्नक – 7)** से विनिर्दिष्ट बिंदुओं पर सूचना आहूत की गई थी जिसके प्रति उत्तर में श्री अनिल कुमार, तत्कालीन अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, बलरामपुर द्वारा पत्र दिनांकित 06.07.2023 से सूचना प्रेषित की गई थी परन्तु वह सूचना अपूर्ण थी। इस बात की जानकारी कार्यदायी संस्था को मौखिक रूप से दी गई थी। इस संबंध में कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि द्वारा कथन किया गया कि वे अपनी प्रगति आख्या में सभी वांछित सूचना यथाशीघ्र उपलब्ध कराएंगे।

(ii) न्यायालय प्रबंधक द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि जिन सरकारी आवासों (श्रेणी – IV के 4 आवास तथा श्रेणी – II के 12 आवास) में मरम्मत का कार्य होना था उनमें कार्य के बाबत संबंधित आवासों में अध्यासित अधिकारी/कर्मचारीगण से आवास में किए गए मरम्मत कार्य के बाबत लिखित सूचना मंगाई गई थी, जो प्राप्त हो चुकी है। प्राप्त सूचना के अनुसार मरम्मत कार्य अभी भी अपूर्ण है तथा कराए गए कार्य में भी काफी त्रुटियाँ है।

(iv) उक्त परिस्थितियों में यदि माननीय जनपद न्यायाधीश बलरामपुर की अनुमति हो तो संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा प्रदत्त लिखित सूचना की प्रति कार्यदायी संस्था को प्रेषित कर इस संबंध में सत्यापन के साथ आख्या प्रेषित करने हेतु कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया जा सकता है।

समीक्षा बैठक दिनांकित 07.11.2023 का कार्यवृत्त माननीय जनपद न्यायाधीश बलरामपुर को सादर प्रेषित की जाए।

07.11.2023 Abhinitam upadhyay 07.11.2023

| | | | |
|---|---|---|---|
| (पीयूष मित्तल)<br>न्यायालय प्रबंधक/सदस्य, आधारभूत संरचना उपसमिति, जनपद न्यायालय, बलरामपुर। | (सुश्री अंकिता मिश्रा)<br>सिविल जज (अवर खण्ड)/ सदस्य, आधारभूत संरचना उपसमिति, जनपद न्यायालय, बलरामपुर। | (ज्ञानेन्द्र कुमार)<br>सिविल जज (प्रवर खण्ड)/ सदस्य, आधारभूत संरचना उपसमिति, जनपद न्यायालय, बलरामपुर। | (अभिनितम उपाध्याय)<br>अपर जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, आधारभूत संरचना उपसमिति, जनपद न्यायालय, बलरामपुर। |

Self attested
Abhinitam upadhyay

<u>आदेश</u>

अवलोकित। चूंकि आधारभूत उप संरचना जनपद न्यायालय माननीय उच्च न्यायालय द्वारा गठित समिति है, इसलिये समिति के उध्यक्ष व सदस्यगण निर्माणाधीन परियोजनाओं के भौतिक निरीक्षण कर समीक्षा के उपरान्त कार्यदायी संस्था को यथोचित निर्देश निर्गत करने हेतु स्वतंत्र हैं। अतः समिति को निर्देशित किया जाता है कि वे समय–समय पर निर्माणाधीन परियोजनाओं के भौतिक निरीक्षण करें तथा अपने स्तर से कार्यदायी संस्था को यथोचित निर्देश/आदेश निर्गत कर अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें।

15/11/23
जनपद न्यायाधीश
बलरामपुर

ANNEXURE-7

**आधारभूत संरचना उपसमिति जनपद न्यायालय बलरामपुर की दिनांक 18.11.2023 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त।**

आज दिनांक 18.11.2023 को संध्या 04.30 बजे आधारभूत संरचना उपसमिति, जनपद न्यायालय बलरामपुर की बैठक उपसमिति के अध्यक्ष के विश्राम कक्ष में आहूत की गई जिसमें अध्यक्ष के अतिरिक्त श्री ज्ञानेन्द्र कुमार, सिविल जज प्रवर खण्ड/सदस्य, सुश्री अक्षिता मिश्रा, सिविल जज, अवर खण्ड/सदस्य तथा श्री पीयूष मित्तल, न्यायालय प्रबंधक/सदस्य उपस्थित रहें।

आधारभूत संरचना उपसमिति, जनपद न्यायालय बलरामपुर की समीक्षा बैठक दिनांकित 07.11.2023 के कार्यवृत्त को माननीय जनपद न्यायाधीश बलरामपुर को सादर प्रेषित किया गया था जिसमें जनपद न्यायालय बलरामपुर से संबंधित चल रहे विभिन्न आधारभूत निर्माण/मरम्मत कार्य के बाबत संबंधित कार्यदायी संस्थाओं द्वारा प्रेषित आख्या एवं लोकनिर्माण विभाग की आख्या के आलोक में विभिन्न संस्तुतियाँ की गई थी एवं इस संबंध में माननीय जनपद न्यायाधीश बलरामपुर की अनुमति याचित की गई थी।

उक्त कार्यवृत्त पर माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा पारित आदेश दिनांकित 15.11.2023 की प्रति दिनांक 17.11.2023 को प्राप्त हुई जिसमें माननीय जनपद न्यायाधीश बलरामपुर द्वारा आदेशित किया गया कि चूकि आधारभूत संरचना उपसमिति माननीय उच्च न्यायालय द्वारा गठित समिति है इसलिए समिति के अध्यक्ष व सदस्यगण निर्माणाधीन परियोजनाओं का भौतिक निरीक्षण कर समीक्षा के उपरांत कार्यदायी संस्था को यथोचित निर्देश निर्गत करने हेतु स्वतंत्र है।

इस संबंध में आज आधारभूत संरचना उपसमिति की आयोजित बैठक में सभी सदस्यगण द्वारा सर्वसम्मिति से विचार व्यक्त किया गया कि आधारभूत संरचना उपसमिति हालांकि माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार गठित है परंतु माननीय जनपद न्यायाधीश के निर्देशन में ही कार्य करती है। पूर्व में भी आधारभूत संरचना उपसमिति के विभिन्न प्रस्ताव, कार्यवृत्त तथा संस्तुतियों के आलोक में माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा सामान्य दिशानिर्देश एवं स्वीकृति/अनुमोदन प्रदान किया जाता रहा है। साथ ही मौखिक एवं लिखित निर्देशों से मार्गदर्शन भी किया गया है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि आधारभूत संरचना उपसमिति के सभी कार्यवृत्त तथा संस्तुतिया माननीय जनपद न्यायाधीश को प्रेषित की जाती है जिन्हें माननीय जनपद न्यायाधीश की स्वीकृति/अनुमोदन मिलने के उपरांत ही प्रभावी किया जा सकता है।

अतः उक्त समग्र परिस्थितियों के आलोक में आधारभूत संरचना उपसमिति सर्वसम्मिति से माननीय जनपद न्यायाधीश बलरामपुर से विनम्र निवेदन करती है कि उपसमिति की समीक्षा बैठक दिनांकित 07.11.2023 में की गई विभिन्न संस्तुतियों को स्वीकृत/अनुमोदित करने अथवा इस संबंध में उचित दिशानिर्देश जारी करने की कृपा करें ताकि स्वीकृत/अनुमोदित संस्तुतियों एवं तदनुसार जारी निर्देशों का प्रभावी अनुपालन कराया जा सकें।

इस बैठक दिनांकित 18.11.2023 का कार्यवृत्त माननीय जनपद न्यायाधीश बलरामपुर को सादर प्रेषित किया जाए।

आदेश
विलोकित। अध्यक्ष आधारभूत संरचना उपसमिति को निर्देशित किया जाता है कि इस प्रकरण के सम्बन्ध अधोहस्ताक्षरी परामर्श के उपरान्त अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।
जनपद न्यायाधीश
बलरामपुर
24/11/2023

| (पीयूष मित्तल) 18/11/2023 | (सुश्री अक्षिता मिश्रा) 18/11/2023 | (ज्ञानेन्द्र कुमार) 18.11.2023 | (अभिनितम उपाध्याय) 18.11.2023 |
|---|---|---|---|
| न्यायालय प्रबंधक/सदस्य, आधारभूत संरचना उपसमिति, जनपद न्यायालय, बलरामपुर। | सिविल जज (अवर खण्ड)/सदस्य, आधारभूत संरचना उपसमिति, जनपद न्यायालय, बलरामपुर। | सिविल जज (प्रवर खण्ड)/सदस्य, आधारभूत संरचना उपसमिति, जनपद न्यायालय, बलरामपुर। | अपर जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, आधारभूत संरचना उपसमिति, जनपद न्यायालय, बलरामपुर। |

Self attested
Abhinitam upadhyay